# दमुआ नपा अध्यक्ष के कथित आडियो को लेकर वबाल, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

## नपा अध्यक्ष ने दी सप्लायर को धमकी, कांग्रेस ने कहा, यह भाजपा का अहंकार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र दमुआ की नगर पालिका अध्यक्ष ने एक ठेकेदार को धमकी दी है जिसका वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस ने थाने में पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की जिससे राजनैतिक गलियारों में भूचाल आ गया है।

दमुआ कांग्रेस ने स्थानीय नगर पालिका अध्यक्ष और टेलीकाम ठेकेदार के बीच कथित संवाद के वायरल आडियो को भाजपा के जनप्रतिनिधियों के अहंकार का प्रतीक बताया है। पार्टी ने कहा कि यह आडियो सत्ता में बैठे लोगों के असंवेदनशील रवैये को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि प्रदेशभर में भाजपा के जनप्रतिनिधियों का यह अहंकार सभी स्तरों पर देखने को मिल रहा है। दमुआ ब्लाक कांग्रेस ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के नाम ज्ञापन सौंपकर नपाध्यक्ष पर मामला पंजीबद्ध किए जाने की मांग कर डाली।

दमुआ कांग्रेस के नए ब्लाक अध्यक्ष दर्शन सिंग गांधी की अगुवाई में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बैरियर से मुख्य मार्ग होते हुए थाने तक रैली निकाली। रैली में नपाध्यक्ष के कथित व्यवहार के विरोध में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। थाने में एस.आई. तरुण मरकाम को ज्ञापन सौंपे जाने से पहले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता छोटू पाठक ने ज्ञापन का वाचन किया। एस.पी. को संबोधित ज्ञापन में दमुआ कांग्रेस ने कहा कि दमुआ नपाध्यक्ष और टेलीकाम ठेकेदार के बीच कथित संवाद से साफ हो गया कि नपाध्यक्ष ने ठेकेदार के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया गया। ठेकेदार को चप्पल जूते से मारने और नपा में नहीं घुसने की धमकी भी दी गई। कांग्रेस ने कहा नपाध्यक्ष का यह आचरण उनके प्रतिष्ठापूर्ण पद पर होने से सार्वजनिक और सामाजिक दोनो ही नजरिए से ठीक नहीं है और कदाचरण की श्रेणी में आता है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि संवाद में गालीगलौच तथा अश्लील बातें कही गई हैं। जो सुनने में अशोभनीय है और भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेकर मामला पंजीबद्ध करने तथा ब्लाक कांग्रेस कमेटी को अवगत कराने का कष्ट करें।



आडियो में हैं आपत्तिजनक शब्द

बातचीत का आडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है, आडियो में सुनाई दे रहा है कि दमुआ नगर पालिका अध्यक्ष ने गुस्से में सप्लायर को चेतावनी देकर कहा कि यदि नगर पालिका में घुसे तो तुम्हें चप्पल से मारूंगी। ठेकेदार से कहा जा रहा है कि क्या कर रहा है तू, नगर पालिका के अंदर गया तो जूते और चप्पल से मारूंगी, सीधे निकल जाना, नहीं तो थाने तक घसीटते हुए ले जाउंगी। दूसरी तरफ सप्लायर पूछ रहा है कि आखिर हुआ क्या है ? लेकिन नपाध्यक्ष नानस्टाप सिर्फ इतना कह रही हैं कि तुम नगर पालिका में घुसे तो जूते चप्पल से मारूंगी। इस तरह आडियों वायरल होने के बाद दमुआ में राजनैतिक भूचाल आ गया और तरह तरह की चर्चाऐं चलने लगी है। इस संबंध में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष गुलबाके ने बताया कि नगर पालिका में राहुल डेहरिया को सीसीटीवी कैमरे का टेंडर मिला है, जिसके चलते वह कैमरा लगाने पहुंचा था, उसी को अध्यक्ष ने धमकाया है, इसका हम विरोध करते हैं। वह निविदा लेकर काम कर रहा है, अध्यक्ष किसी अपने को लाभ दिलाने के लिए उसे काम नहीं दिलाना चाह रही थीं। इसके कारण यह विवाद हुआ है।

### इनका कहना है

राजनीतिक प्रतिद्वंदिता की वजह से कांग्रेस इसे मुद्दा बना रही है। मेरा व्यवहार सभी से संयत रहता है, ये सभी लोग जानते हैं।

**करण खातरकर,** नगर पालिका

# राजस्व मामले में मृतक के नाम पर हुई सुनवाई आ गया फैसला भी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बिगड़ दिवस राजस्व विभाग का एक ऐसा ही गजब का मामला सामने आया है. जहां तहसील में एक मृत व्यक्ति के नाम से आवेदन आया है। आवेदन पर तहसील में सुनवाई भी हो जाती है. यहां तक भी ठीक था लेकिन आगे मामले में फैसला भी आ जाता है.

मामले में फैसला आने के बाद मृतक का चचेरा भाई सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है। मृतक का भाई अब कलेक्टर कार्यालय से लेकर राजस्व के आला अधिकारियों के चक्कर काट रहा है।

पैर से विकलांग देवेंद्र कौरव का कहना है कि उसके चचेरे चंद्रभान सिंह की मौत 2021 में हो गई थी. जिसकी मौत का प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत कजरोटा ने जारी भी कर दिया था. लेकिन उसकी मौत के बाद 2022 में मृतक चंद्रभान सिंह कौरव के नाम से गाडरवारा तहसील कार्यालय में केस की सुनवाई होती है और नक्शा दुरुस्ती का आदेश जारी कर दिया जाता है। इस बारे में जब पीड़ित देवेंद्र को जानकारी मिली तो उसके पैरों के तले से जमीन खिसक गई और हक्का बक्का रह गया. उनका कहना है कि जब मेरे भाई की मौत 2021 में हो गई तो उनके नाम से आवेदन कैसे लग सकता है। इसकी शिकायत पीड़ित ने कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर की है। वहीं पूरे मामले को लेकर तहसीलदार अनु जैन ने पूरी गलती लोक सेवा कार्यालय की बताई। उन्होंने कहा कि लोक सेवा कार्यालय से यह आवेदन हमारे यहां आया था जिस पर हमने सुनवाई की।

## सार-समाचार

### सर्वोदय अहिंसा अभियान की 42वीं वर्षगांठ पर दिव्यांग बच्चों ने भेंट किए मिट्टी के दिये

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के मुख्य उद्देश्य को लेकर सामाजिक संस्था अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन छिंदवाड़ा द्वारा वर्ष 1982 से सर्वोदय अहिंसा अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अहिंसा प्रेमीयों द्वारा पूरे देश में प्रतिवर्ष पटाखे रहित दीपावली मनाई जाती है और उससे राशि बचाकर विविध अनुष्ठानों के माध्यम से जनहित के कार्य किए जाते हैं।

इस वर्ष सर्वोदय अहिंसा अभियान का 42 वां वर्ष हैं जिसके तहत फेडरेशन के मीडिया प्रभारी एवं सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन के साथ दिव्यांग बच्चों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन के संस्थापक महेश किंथ, अध्यक्ष सरिता पांडे सहित दिव्यांग बच्चों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की ओर उन्हें मिट्टी के दिए भेंट कर शुभ दीपावली कहा। इस दौरान दीपक राज जैन ने पोस्टर के माध्यम से सभी को पटाखों से होने वाली हानियां बताई।

इस अवसर पर कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने दिव्यांग बच्चों द्वारा भेंट किए गए दीपों को बहुत ही आत्मीयता से स्वीकार कर उन्हे दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं सर्वोदय अहिंसा



अभियान की सराहना करते हुये कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जवाबदारी हम सबकी हैं अतः इस दीपावली हम सब पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें।

इस अवसर पर श्री जैन के साथ सभी दिव्यांग बच्चों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, ए.डी.एम. के.सी. बोपचे, एस.डी.एम. सुधीर जैन, ए.सी.ओ. एवं उप संचालक सामाजिक न्याय पुरुषोत्तम राजोरिया, जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल से मुलाकात कर उन्हें मिट्टी के दिए सहित पटाखों से हानियां बताने वाले पोस्टर भेंट किए ओर दीपावली महापर्व की शुभकामनाएं दीं। सभी अधिकारियों ने दिव्यांग बच्चों को असीम स्नेह देकर शुभ दीपावली कहा और फेडरेशन के सर्वोदय अहिंसा अभियान की सराहना की।

### सारसडोल में शिक्षकों की नियुक्ति करने ग्रामीणों ने की मांग, तीन कक्षाओं के लिए है एक ही शिक्षक

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** विकासखंड अमरवाड़ा के ग्राम सारसडोल के शासकीय माध्यमिक शाला में शिक्षकों को नियुक्त करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बी.ई.ओ. ऑफिस में पहुंचकर निवेदन किया है।

मिली जानकारी के अनुसार स्कूल में पहली से आठवीं तक लगभग 40 स्कूली छात्र हैं, जहां महज एक ही शिक्षक तीन कक्षाओं को संभालते हैं जबकि बी.एल.ओ. होने के कारण कभी भी कार्यालयीन काम से आना जाना होता रहता है। उक्त परिस्थितियों को देखते हुए ग्रामीणों ने सारसडोल माध्यमिक शाला में शिक्षकों को नियुक्त करने की शीघ्र अति शीघ्र मांग की है।

# स्वच्छता पखवाड़े में बेहतर कार्य करने वाले सम्मानित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बिछुआ को स्वच्छ ओर सुंदर बनाने स्वच्छता मित्रो ने 17 से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी की जयंती तक स्वच्छता ही सेवा है की परिकल्पना को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के सेक्टर क्रमांक 1 द्वारा सेवा ही स्वच्छता कार्यक्रम पखवाड़ा के रूप मे स्वाभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता, थीम पर कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन मे जन अभियान परिषद के जिला सयन्वयक अखिलेश जैन एवं विकास खंड सयन्वयक दीपक गेडाम के मार्गदर्शन में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अपनी विशेष भूमिका निभाने वाले छात्रों को स्थानीय सनराईस हायर सेकेंडरी स्कूल बिछुआ मे आयोजित कार्यक्रम मे आमंत्रित मुख्य अतिथि नगर पालिका के अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े, विशेष अतिथि सनराईस पब्लिक स्कूल के संचालक सुनील चौरागड़े, नवांकुर संस्था मानव जल कल्याण समिति के सचिव मनोज जैन के हस्ते सम्मानित किया। परामर्शदाता श्यामलराव ने बताया की स्वच्छता पखवाड़े के दौरान बिछुआ के सेक्टर क्रमांक 1 के 12 विभिन्न स्थानों में बिछुआ के वार्ड क्रमांक 12 सनराईस स्कूल, वार्ड क्रमांक 13 पानी टंकी, कन्या माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेंडरी स्कूल, ग्राम मझियापार, ऊल्हावाड़ी आमाकुही, लोहारबत्री, गोनावाड़ी, सामरबोह आदि में संवाद, वृक्षारोपण, सफाई कार्य, शपथ, रैली, पोस्टर पेंटिंग, वन्यजीव संरक्षण की शपथ, स्वच्छता केप का वितरण एवं ग्रामों में बिखरे प्लास्टिक पन्नी का एकत्रितकरण जैसे कार्य सम्पादित किया गया। पखवाड़े के दौरान सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले 11 छात्रों में एम एस डब्ल्यू के छात्र मदन डिगरसे, जितेंद्र बंदेवार, फूलवती नौरे, प्रीति साहू, ज्योति धुर्वे, रोशनी चौरिया, राजवती उईके, यश्विनी बाचेकर, दीपिका कड़वे, उर्वशी तुमड़ाम, रायवती भलावी को मेमोंटो देकर अतिथि के हस्ते सम्मानित किया गया।

# नपानि कर्मियों को नहीं मिला दो माह से वेतन, सौंपा ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा में कार्यरत कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। निगम की माली हालत खराब होने के कारण वेतन के लाले पड़ गए है। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों ने दीपावली पूर्व वेतन भुगतान करने की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय छिन्दवाड़ा एवं आयुक्त नगर पालिक निगम के नाम से ज्ञापन सौपा है। भुगतान के आभाव में हड़ताल पर जाने की कर्मचारी संघ नेता ने चेतावनी दी है।

# माय भारत पोर्टल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** क्षेत्रीय निदेशालय एन.एस.एस. एवं राज्य एन.एस.एस. अधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार एन.एस.एस. के जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफड़े के मार्गदर्शन में डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाड़ा, बालाजी पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाम, आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज चौरई की एन.एस.एस. इकाई द्वारा माय भारत पोर्टल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन गत 24 अक्टूबर 2024 को किया गया जिसमें स्वयंसेवकों को पीपीटी के माध्यम से जानकारी प्रदान करते हुए माय भारत पोर्टल या मेरा भारत से युवाओं का पंजीयन तथा इस पोर्टल पर पंजीयन से होने वाले लाभ एवं व्यक्तित्व विकास कौशल विकास एवं रोजगार से संबंधित जानकारी विस्तृत रूप से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई।

माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर युवा अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है तथा युवाओं को सी वी बिल्डिंग कर उसे पोर्टल पर किस प्रकार अपलोड करना यह महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सपना शर्मा, नरेश जोशी, राम रतन सनोडिया, भास्कर लोखंडे, एस आर शेरके एवं एन एस एस वॉलिंटियर का विशेष सहयोग रहा।



# उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों को कराया गया जिला ई दक्ष केन्द्र में भ्रमण और दी जानकारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शास उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा के कक्षा 11 वी के आई.टी. के विद्यार्थियों द्वारा जिला ई-दक्ष केंद्र में भ्रमण किया जहा प्रभारी अनिल और अनुराग नेमा द्वारा बच्चो को साइबर सिक्योरिटी, AI, chat GPT और नेटवर्किंग डिवाइस से संबंधित जानकारी दी गई। भ्रमण प्राचार्य ए. काले के निर्देशन एवम शिक्षक सुपटकर व शैख सकील के मार्गदर्शन में आयोजित करवाई गई।



# बीआरसी की पहल पर एक साथ 31 स्कूलों में बीएसी और जनशिक्षकों ने शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच की



**मोहखेड़, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार द्वारा जिले के शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक परिवेश का सकारात्मक अभियान जारी है। छात्रों को विशेष गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारमूलक शिक्षा की उपलब्धता हेतु विभागीय समीक्षा बैठक में शैक्षणिक अमले को निरंतर प्रेरित किया जा रहा है इसी तारतम्य में जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल एवं जिला परियोजना समन्वयक जे.के. इडपाचे के निर्देशन में जनपद शिक्षा केंद्र मोहखेड़ के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक संगीत जैन द्वारा नवाचार के रूप में एक अभिनव पहल शुरू की गई है जिसके प्रथम चरण में लावाघोगरी जनशिक्षा केंद्र की समस्त 31 शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में विकासखंड के समस्त जनशिक्षकों एवं बीएसी द्वारा एक साथ 10.30 बजे विद्यालय पहुंचकर शैक्षणिक गुणवत्ता की परख की गई। विकासखंड अकादमिक समन्वयक अरविंद भट्ट द्वारा बताया गया कि 25 अक्टूबर शुक्रवार के दिन मोहखेड़ विकासखंड का संपूर्ण मॉनिटरिंग अमला एक साथ 9.30 बजे प्रधानघोगरी में एकत्रित हुआ यहां लॉटरी के माध्यम से प्रत्येक जनशिक्षक एवं बीएसी को दो स्कूल मॉनिटरिंग हेतु आवंटित कर उन्हे संबंधित स्कूलों के लिए रवाना किया गया ठीक 10.30 बजे जनशिक्षकों ने अपने आवंटित स्कूल में पहुंचकर प्रार्थना सभा में सहभागिता सुनिश्चित की एवं शिक्षकों के शाला में उपस्थित होने का समय अंकित किया। जांच के विभिन्न बिंदुओं पर निर्धारित प्रपत्र में विद्यालय के शैक्षिक परिवेश एवं विविध योजनाओं के क्रियान्वयन पर आधारित मॉनिटरिंग बारीकी से की गई। विद्यालय में एफएलएन की कक्षा 1, 2, 3 एवं 4 में वर्तमान सप्ताह में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों के अनुसार वर्कबुक की जांच की साथ ही दसवें सप्ताह के आवधिक आंकलन एवं ट्रैकर का भी अवलोकन किया गया। स्पॉट असेसमेंट के अंतर्गत छात्रों के शैक्षणिक स्तर की जांच तथा बोर्ड कक्षाओं में वर्तमान पाठ्यक्रम के अनुसार कापियों की भी जांच की गई। कक्षा तीसरी एवं छठवीं में एनएएस तैयारी की समीक्षा के साथ ही प्रथम मॉकटेस्ट की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का भी अवलोकन किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय में छात्रों के नामांकन की जानकारी, निःशुल्क पुस्तक वितरण, गणवेश हेतु बैंक खाते का सत्यापन, निःशुल्क साइकिल हेतु पात्र छात्र-छात्राओं की जानकारी, यू-डाइस अंतर्गत ड्रॉप बॉक्स छात्रों की जानकारी एवं स्वयं मध्याह्न भोजन चखकर पी.एम. पोषण कार्यक्रम की गुणवत्ता सहित अन्य जानकारियां प्राप्त की गई। मॉनिटरिंग के पश्चात द्वितीय चरण में शाम 3 बजे से शासकीय हाई स्कूल प्रधानघोगरी में समस्त निरीक्षणकर्ता बीएसी, जनशिक्षक एवं समस्त संस्थाओं के प्रधान पाठक समीक्षा हेतु उपस्थित हुए।

जिला परियोजना समन्वयक जगदीश इडपाचे, एपीसी संकेत जैन एवं भानु गुमास्ता, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक संगीत जैन, विकासखंड अकादमिक समन्वयक अरविंद भट्ट, मनोज कोलारे के द्वारा प्रत्येक विद्यालय की निर्धारित निरीक्षण प्रपत्र के अनुसार समीक्षा की गई इस दौरान जिन विद्यालयों में शैक्षणिक स्तर में जो कमियां पाई गई एवं अन्य अपूर्णता एवं त्रुटियों पर उन्हें समझाइश देते हुए एक सप्ताह में उक्त कमियों को पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निरीक्षण कार्यक्रम में विशेष रूप से शासकीय हाई स्कूल प्रधानघोगरी के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम संयोजक रामाजी पाठे, रामकुमार भादे एवं गुलाबराव आलोनकर का विशेष योगदान रहा। निरीक्षणकर्ता के रूप में जनशिक्षक संतोष डोंगरे, रामराव फरकारे, विजय अरमरकर, कैलाश डोंगरे, प्रवीण पवार, बंधुप्रसाद जिल्वेकर, सुनील यादव, शिवलाल गाकरे, अनिल मस्तकार, संजू अहेरवार, राजेश खरपूसे, दिनेश यदुवंशी, सुखदेव उईके, सुभाष डोंगरे, पुष्पा कराड़े एवं जयदेव मालवीय सम्मिलित रहे।

इस मुहिम का एक विशेष पक्ष यह भी रहा कि नगरीय क्षेत्र के जनशिक्षकों ने दूरस्थ ग्रामीण आदिवासी अंचल टोटकादेही, जूनापानी, बीजागोरा, कोहट, पिपरिया वनग्राम, दीप, मटियाडोह, टुंगीढाना के स्कूलों का भ्रमण कर एक अलग ही रोमांच को महसूस किया।

प्राथमिक शाला जूनापानीढाना बंद पाए जाने पर संबंधित दोनों शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटे जाने हेतु वरिष्ठ अधिकारी को प्रस्ताव भेजा गया है।

# आईजी ने ली निरीक्षण परेड की सलामी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन जबलपुर अनिल सिंह कुशवाहा द्वारा जिला छिंदवाड़ा पहुँचकर 25 अक्टूबर 24 को प्रात: 8.30 बजे पुलिस ग्राउण्ड छिंदवाड़ा में आयोजित वार्षिक निरीक्षण पुलिस परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात् परेड में लगे सभी प्लाटूनों का निरीक्षण किया गया जिसमें अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा उत्कृष्ट टर्न आउट(वेशभूषा) में होने पर उन्हें पुरुस्कृत करने हेतु नामांकित किया गया पश्चात् वार्षिक निरीक्षण निरीक्षण परेड मार्च किया जाकर परेड के दौरान विभिन्न कार्यवाहियों का भी निरीक्षण किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारी कर्मचारियो की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को सुनने हेतु पुलिस लाईन में पुलिस दरबार का आयोजन किया गया जिसमें जिले के उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित व तत्काल निराकरण करने हेतु छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया । पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान अच्छी वेशभूषा धारण कर जनता से विनम्र व्यवहार करने हेतु कहा गया। वर्तमान में पुलिस की छवि बेहतर हुई हैं थानें में आने वाले प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को संवेदनशीलता से सुनना एवं उनकी उचित मदद करने हेतु समझाईश दी गई ।

पुलिस लाईन छिंदवाड़ा में स्थित विभिन्न शाखाओं जिसमें मुख्य रुप से वाहन शाखा, शस्त्रागार, स्टोर शाखा इत्यादि शाखाओं का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थित शाखाओं जिसमें शिकायत शाखा, समंस वारंट सेल, सीसीटीएनएस शाखा, वेतन शाखा, रीडर शाखा, डीसीबी शाखा व अन्य शाखाओं का भी निरीक्षण किया गया ।

दिशा स्टूडेंट लर्निंग सेंटर जो कुछ समय पहले ही छिंदवाड़ा जिले में शासन की मंशा अनुरुप संचालित की गई हैं जिसका निरीक्षण कर उपस्थित छात्र/छात्राओं से मुलाकात कर बातचीत की गई।

छिंदवाड़ा जिले का वार्षिक निरीक्षण के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक छिंदवाड़ा सचिन अतुलकर, पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा, रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी व जिले के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# सांसद विवेक बंटी साहू को केन्द्र में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

## कोयला और खान मंत्रालय के सलाहकार समिति के सदस्य बने



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा व पांढुर्ना संसदीय क्षेत्र के सांसद बंटी विवेक साहू का केन्द्र सरकार में लगातार ओहदा बढ़ता ही जा रहा है। श्री साहू चुनाव जीतने के बाद से ही जहां छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना जिले में विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से लगातार जनता की सेवा में लगे हुये है वही केन्द्र सरकार मे उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ती ही जा रही है। भारत सरकार ने कोयला मंत्रालय और खान मंत्रालय के लिए सलाहकार समिति का गठन किया है। जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू को समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है। कोयला और खान मंत्रालय की परामर्शदात्री की समिति नीतिगत मामलों तथा कार्यक्रमों और योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन एवं परामर्श देती है। मंत्रालय की नीति बनाने में सुझाव देनेए बजट प्रावधानों में देश व मंत्रालय के हित में अपना मत रखनेए मंत्रालय की नीतियों और कामकाज पर संसद सदस्यों और केंद्रीय मंत्री के बीच अनौपचारिक चर्चा एवं संबंधित विषयों पर परामर्श देने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। इसके पहले सांसद श्री साहू उपभोक्ता मामलेए खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति के सदस्य नियुक्त किए गए थे। पिछले दिन? दिल्ली में हुई इस समिति की बैठक मे वे शामिल हुये थेएजिसमे उन्ह?ने अपने महत्वपुर्ण सुझाव भी समिति के सामने रखे थे। केन्द्र सरकार में लगातार दुसरी महत्वपुर्ण समिति मे स्थान देने पर द?न? जिले की जनता सहित भाजपा के प्रमुख पदाधिकारिय? एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र म?दी और अन्य केन्द्रीय मंत्रिय? का आभार व्यक्त किया है।

## सार-समाचार

### पीजी कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में 26 अक्टूबर 2024 को दोपहर 12 बजे से कक्ष क्रमांक- 37 में हेड ऑफ डाटा एण्ड एआई एक्सल सर्विस ऑफ अमेरिका के नवदीप कोहली द्वारा आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस विषय पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा।

इच्छुक विद्यार्थी एवं सामान्यजनों को अवगत किया गया है कि इस महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित विशेषज्ञ व्याख्यान का लाभ उठायें। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली आई.आई.टी. द्वारा ऑनलाईन माध्यम से महाविद्यालय में दो सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों का संचालन किया जायेगा, जिनकी प्रवेश पूर्व परीक्षा 05 नवम्बर 2024 को आयोजित की जायेगी।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना को दिलाई सदस्यता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा सक्रिय सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत भाजपा छिंदवाड़ा ग्रामीण मंडल में सदस्यता अभियान चलाकर 100 प्राथमिक सदस्य बनाने बालों को सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदकिशोर सूर्यवंशी, युवा नेता अजय सक्सेना सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के फार्म भरकर सभी को सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना के साथ सक्रिय सदस्यता प्राप्त करने वालों में उप सरपंच दिव्यकांत यादव, अधिवक्ता मुकेश विश्वकर्मा, अनिल सूर्यवंशी, बंशी डेहरिया, भूरा सोनी, गंगा सूर्यवंशी, निजाम खान, राजदीप ठाकुर, मोहित यादव, राकेश सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सदस्यता प्राप्त की।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय



पांडे, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, मंडल अध्यक्ष संत कुमार यदुवंशी, संतोष पटेल उपस्थित रहे।

### उपक्षेत्र अंबाड़ा की भूमिगत शारदा कोयला खदान में संयुक्त मोर्चा ने की गेट मीटिंग

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** कन्हान क्षेत्र के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ कामगारों के ट्रांसफर सहित नयी प्रस्तावित खदानों को शीघ्र शुरू करने को लेकर कन्हान क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय डुंगरिया में 26 अक्टूबर शनिवार को सुबह 11:00 बजे से धरना प्रदर्शन के बाद वे.को.लि. सी.एम.डी. के नाम उपरोक्त मुद्दों पर मुख्य महाप्रबंधक कन्हान एरिया को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसको लेकर श्रमिक संगठनों ने संयुक्त मोर्चा में शामिल एच.एम.एस., इंटक, एटक, सीटू यूनियन द्वारा शारदा माईन में कल 25 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह प्रथम पाली में गेट मीटिंग लेकर श्रमिकों को संबोधित किया गया।



# पीएमश्री कन्या महाविद्यालय में व्याख्यानमाला का आयोजन

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** । शासकीय पी एम श्री कन्या विद्यालय में छात्राओं के व्यक्तित्व विकास विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अमरवाड़ा इकाई के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के परासिया जिला संघ संचालक रामेश्वर पटेल एवं विभाग के समग्र ग्राम विकास प्रमुख नैनसुख मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहें। मुख्य वक्ता नैनसुख ने छात्राओं को राष्ट्र का भविष्य बताया एवं अपने जीवन में अनुशासन, नियमितता, समय के सार्थक उपयोग के साथ भारतीय संस्कृति, महापुरूषों के चरित्र दर्शन उनके साहित्य पर अध्ययन करने की बात कही। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्तित्व निर्माण में शिष्टाचार, सभ्यता एवं सौम्य व्यवहार, अनुशासन अनिवार्य है। उन्होंने शिक्षा, आचरण, कठिन श्रम, संवेदनाएं, सूचना का संचार आदि तत्वों का विश्लेषण करते हुए बताया कि व्यक्तित्व के विकास के लिए इन सब तत्वों की आवश्यकता रहती है। समय की पाबंदी के साथ इनका उचित प्रबंधन किया जाए तो सफलता हर हाल मिलती ही है। पर्सनालिटी डेवलपमेंट और पर्सनल ग्रूमिंग विद्यार्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसके साथ ही उनके व्यक्तित्व का विकास इस प्रकार से होना चाहिए जिससे वे बाहरी दुनिया और आज के बाजार की



चुनौतियों के दबाव को सहन कर सकें। व्यक्तित्व विकास के बल पर विद्यार्थी न केवल करियर बल्कि निजी जीवन में भी आगे बढ़ने के योग्य बन सकते हैं। उन्होंने जाम्बवन्त जी द्वारा हनुमान जी को उनका बल याद दिलाने की कहानी विद्यार्थियों को सुनायी। कार्यक्रम का संचालन विनोद तिवारी(जनशिक्षक) के द्वारा किया।

# स्वास्थ्य शिविरों में अब तक 32 हजार लोगों का किया गया उपचार : सांसद



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 100 दिवसीय सेवा संकल्प और स्वास्थ्य की श्रृंखला में शुक्रवार को छिन्दवाड़ा जिले के अंतिम छोर में बसे जुन्नारदेव विकासखंड के ग्राम झिरपा में 40वें नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा किया गया। शिविर के दौरान कुल 432 लोगों ने अपना पंजीयन कराया जिसमें से 421 मरीजों का उपचार कर उन्हें नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जांच के दौरान मिले 11 गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिये जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

स्वास्थ्य शिविर के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री साहू ने कहा कि छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में प्रतिदिन नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, जिसमें कुल 32 हजार लोगों का उपचार करके उन्हें नि:शुल्क दवाईयों का वितरण किया गया है। शिविरों के दौरान मिले गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय सहित अन्य महानगरों में स्थित मेडिकल कॉलेजों में रेफर कर उनका बेहतर इलाज किया जा रहा है। अब तक के इतिहास में यह पहला अवसर है कि गांवो में ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि अंतिम छोर में रहने वाले हर उस जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाये जो उनके लिए बनाई गयी है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के बनने के बाद ही संभव हो सका है। अब लोगों के खातों में सीधे राशि भेजकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर के दौरान मिले गंभीर बच्चों को सर्जरी के लिये तत्काल ही जिला अस्पताल रेफर किया गया। इस अवसर पर शिविर में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति कांता ठाकुर, पूर्व विधायक नत्थन शाह, मण्डल अध्यक्ष सुनिल मर्सकोले, श्रीवतन उपाध्याय, वरिष्ठ भाजपा नेता विरेन्द्र राय, जितेन्द्र (जित्तू) राय, वरिष्ठ भाजपा नेता परमजीत सिंह सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आज राहीवाड़ा में लगेगा 41वां शिविर

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में शनिवार 26 अक्टूबर 24 को सिंगोडी मंडल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत राहीवाड़ा में स्थित पंचायत भवन में 41वें नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। मण्डल अध्यक्ष सोनू सरसवार ने ग्रामीणों से उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# ग्राम मझियापार एवं खमरा के जंगलों में आबकारी विभाग ने की कार्रवाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रह, परिवहन के विरुध्द चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत ज़िला आबकारी अधिकारी अजीत इक्का के मार्गदर्शन में संयुक्त दबिश का आयोजन वृत सौंसर एवं चौरई के अंतर्गत किया गया।

दबिश के दौरान ग्राम छाबड़ी में नाले के किनारे ग्राम रैयतवाड़ी के जंगल तथा नाले के किनारे व ग्राम मझियापार में भी नाले एवं जंगल के किनारे किनारे तथा ग्राम खमरा में नाले के किनारे सघन जांच अभियान चलाकर प्लास्टिक के ड्रमों में एवं पन्नियों के साथ ही कुप्पियों में भरकर रखे गए लगभग 5500 रूपये के महुआ लाहन को बरामद किया गया तथा सेम्पल लेकर शेष महुआ लाहन को विधिवत मौके पर नष्ट किया गया। साथ ही एक चढ़ी भट्टी सहित 65 लीटर हांथ भट्टी कच्ची शराब बरामद की गई। इस प्रकार इस संपूर्ण कार्यवाही में 05 प्रकरण विधिवत पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

इस कार्यवाही में वृत प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल. मरावी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी के.सी. चौहान, सहायक जिला आबकारी अधिकारी कुमारी भारती गौंड एवं आबकारी उप निरीक्षक जीत सिंह एवं नरेंद्र कुमार नागेश तथा आबकारी स्टाफ का इस कार्यवाही में पूर्ण सहयोग रहा।

# छिन्दवाड़ा के दो शिक्षक राज्यपाल पुरस्कार से हुए सम्मानित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भोपाल के स्वर्ण जयंती हॉल में आज राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसने छिंदवाड़ा जिले के लिए एक ऐतिहासिक और गर्व का क्षण रचा। जिले के दो सम्माननीय शिक्षक अमिता शर्मा और राकेश कुमार मालवीय को उनके अद्वितीय योगदान के लिए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अमिता शर्मा जो शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में उच्च माध्यमिक शिक्षिका हैं, ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य में नई रोशनी डालने का कार्य किया है। वहीं प्राथमिक शाला कौवाखेड़ा के प्राथमिक शिक्षक राकेश कुमार मालवीय बच्चों में बुनियादी शिक्षा का दीप जलाते आ रहे हैं। इस विशेष अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मिलकर इन शिक्षकों को सम्मानित किया।

उम्मीदों के दीप जलाकर ख्वाबों को जो रंग देते हैं, वही सच्चे शिक्षक हैं, जो बच्चों को पंख देते हैं। इस सम्मान ने न केवल इन शिक्षकों का बल्कि छिंदवाड़ा जिले और उनके विद्यालयों का नाम रोशन किया। जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य और समस्त स्टाफ ने इन दोनों शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी और शुभकामनाओं की बौछार की।

समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने इन शिक्षकों की प्रशंसा की और उनके योगदान की सराहना की। यह क्षण उन सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक है, जो बच्चों के भविष्य को सँवारने में अपने जीवन को समर्पित कर रहे हैं।

शिक्षक वो दीपक है, जो जलता खुद है, और सबको रोशनी देता है, सच्चा मार्ग दिखाता है। इस सम्मान ने यह संदेश दिया कि ईमानदारी, मेहनत और निष्ठा के साथ किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता। श्रीमती अमिता शर्मा और राकेश कुमार मालवीय का यह सम्मान उनके विद्यालय और जिले के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।